एक नजर में

तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

उज्जैन। श्रीरसागर स्टेडियम पर दाऊदी बोहरा समाज की संस्था बुरहानी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इस टूर्नामेंट में देशभर से बोहरा समाज की 12 टीमें भाग लिया है। जिनके बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। मुर्तजा जरी वाला एवं खुजेमा चांदा भाई वाला ने बताया कि टूर्नामेंट की शुरुआत से पूर्व कुरान की तिलावत की गई। इसके पश्चात पहला मुकाबला उज्जैन और सोपुर की टीमों के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमिल के प्रतिनिधि शेख इब्राहीम साबिर उपस्थित रहे। यह आयोजन दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना अलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन की मंशा के अनुरूप किया जा रहा है। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 51 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। टूर्नामेंट का समापन 11 जनवरी, रविवार को फाइनल मुकाबले के साथ होगा। कार्यक्रम का संचालन मुस्तफा बड़ौद वालों ने किया। इस अवसर पर सैफी मोहल्ला जमात के पूर्व सिक्योरिटी शेख जुल्फिकार भाई कोयला वाला, बुरहानी गॉड के कैप्टन मुला मुर्तुजा भाई कासु, मुला अकबर भाई तीन वाला, हुसैन भाई चक्की वाला, कसम भाई चाय वाला सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रतिदिन प्रभात फेरी के द्वारा जन जागरण

उज्जैन। हिंदुओं में एकजुटता और हिंदू गतिविधियों एवं सनातनी संस्कृति को बढ़ाने हेतु 11 जनवरी को विशाल हिंदू संगम के पूर्व मातागुजरी गुरुद्वारा बस्ती के 50 से अधिक सदस्यों एवं मातृशक्ति द्वारा प्रतिदिन प्रात:काल 6 बजे वामनेश्वर महादेव मंदिर से एकत्रित होकर प्रभात फेरी के द्वारा हिन्दू गीतों के जय घोष के साथ बस्ती क्षेत्र में रहवासियों, नागरिकों के बीच जन जागरण किया जा रहा है। उक्त जानकारी माता गुजरी गुरुद्वारा बस्ती के प्रचार प्रमुख डॉक्टर घनश्याम शर्मा ने देते हुए बताया उज्जैन शहर में 65 स्थान पर हिंदू सम्मेलनों का भव्य आयोजन 11 जनवरी को होने जा रहा है माता गुजरी गुरुद्वारा बस्ती का हिंदू सम्मेलन भी वामनेश्वर महादेव मंदिर उद्यान में प्रात: काल 10 बजे संपन्न होने जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में बस्ती क्षेत्र में रहने वाले हिंदू सदस्य एवं मातृशक्ति शामिल होगी। सम्मेलन की सफलता हेतु प्रतिदिन 50 से अधिक सदस्य एवं मातृशक्ति द्वारा प्रात: 6 से 7 .30 बजे तक प्रभात फेरी के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा है आज प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव के आतिथ्य में बस्ती के प्रमुख क्षेत्र अवंतीपुरा, अब्दालपुरा ,गीता कॉलोनी, नई गली ,ब्राह्मण गली एवं अंकपात मार्ग पर होते हुए वामनेश्वर महादेव मंदिर पर समाप्त हुई। प्रात: कालीन प्रभात फेरी में बस्ती के प्रमुख सर्वश्री प्रेमसिंह सिसोदिया, राजेश दिसावल आदि के साथ अनेक सदस्यगण एवं मातृशक्ति महिला कार्यकर्ता उपस्थिति रही।

महापौर चरक एवं रैन बसेरों में हीटर दिए

उज्जैन। शीत लहर को ध्यान में रखते हुए महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा शुक्रवार को चरक अस्पताल एवं नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में पहुंचकर हीटर दिए गए। जिसके क्रम में चरक अस्पताल के पीआईसीयू (छोटे बच्चों) के वार्ड में 06 नग हीटर दिए गए। इसी प्रकार निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में भी 04 नग हीटर दिए गए। जिससे ठंड से बचाव होगा और रेन में आने वाले नागरिकों को गर्माहट महसूस होती रहेगी। इस दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. संगीता पलसानिया, डॉ. हिमांगी चौहान अस्पताल प्रबंधक, डॉ अजीत भीलवार उपस्थित रहे।

नृसिंहघाट से मिली लाश की हुई शिनाख्त

उज्जैन। नृसिंहघाट के पास से गुरुवार सुबह वृद्ध की लाश पुलिस ने बरामद की थी। जिसकी शाम को इंदौर से आये भाई ने शिनाख्त की। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि सुबह कुछ लोगों की सूचना पर पुलिस नृसिंहघाट पहुंची थी। मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला था। आसपास लोगों से पहचान के प्रयास करने पर शाम को पता चला कि मृतक सोंटी उर्फ सुनील पिता सदाशिव राव 55 साल है। जो मगरमुहा सिंहपुरी क्षेत्र में किराये का मकान लेकर रहता था और भिक्षावृत्ति का काम करता था। पुलिस ने मगरमुहा पहुंचकर जानकारी जुटाई तो परिवार के इंदौर में रहने की जानकारी मिली। भाई को सूचना दी गई। देर शाम भाई ने आकर पहचान करते हुए बताया कि सुनील अविवाहित था और परिवार से अलग रहता था। पुलिस ने आशंका जताई है कि बीमारी और ठंड की वजह से मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव भाई को सौंपा।

घट्टिया में डंपर की टक्कर से एक की मौत

घट्टिया। तेज गति अनियन्त्रित वाहन ने फिर ली एक की जान। उज्जैन आगर झालावाड़ मेन रोड पर बैंक ऑफ इंडिया के सामने हॉस्पिटल चौराहे पर एक तेज गति से आ रहे डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर मार कर डंपर चालक डंपर लेकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद भीड़ ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया भेजा। अस्पताल में डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित किया। मृतक मोहनलाल (50 वर्ष) निवासी उज्जैन बताया जा रहा है।

पानी के मुद्दे पर कांग्रेस -भाजपा में सुलगी विरोध की आग

गऊघाट वाटर फिल्टर प्लांट पर सियासी संग्राम, कांग्रेस के आरोप जनता को गंदा पानी पिला रहा निगम, भाजपा का पलटवार अफवाह न फैलाएं तथ्य बताएं

उज्जैन। मध्य प्रदेश के इंदौर में भागीरथपूरा क्षेत्र की पेयजल पाइप लाइन में दूषित जल समाहित होने से 20 लोगों की जहां मौत हो गई। वहीं सैकड़ों लोग बीमार हैं। ऐसे में कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में जहां मोर्चा खोल रखा है, वहीं उज्जैन में भी कांग्रेसी लगातार बीजेपी बोर्ड को घेरने लगे हैं। कांग्रेसियों ने शुक्रवार को जहां गऊघाट प्लांट पर पेयजल का लेब टेस्ट कराया और आरोप लगाए। वहीं भाजपाई जनप्रतिनिधि शनिवार को पहुंचे और उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि अफ़वा न फैलाए वास्तविकता बताएं।

शहर में पेयजल शुद्धता को लेकर सियासत गरमा गई है। शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं द्वारा गऊघाट वाटर फिल्टर प्लांट का दौरा कर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद शनिवार को भाजपा पार्षद दल, महापौर, निगम अध्यक्ष और अधिकारियों ने पत्रकारों के साथ उसी प्लांट का निरीक्षण कर कांग्रेस के दावों को सिरे से खारिज किया। नेता प्रतिपक्ष रवि राय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र वशिष्ठ, पूर्व महापौर माया त्रिवेदी सहित अन्य कांग्रेसजनों ने गऊघाट फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा शासित नगर निगम नाकारा साबित हो रहा है और आम जनता को शुद्ध नहीं बल्कि गंदा पानी पिलाया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब प्लांट की व्यवस्थाएं ही दुरुस्त नहीं हैं, तो शहरवासियों तक शुद्ध पानी कैसे पहुंचेगा। कांग्रेस के आरोपों के पलटवार में शनिवार को भाजपा पार्षद दल के नेता, महापौर और निगम अध्यक्ष ने गऊघाट प्लांट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भाजपा नेताओं ने साफ कहा कियदि कहीं कोई तकनीकी कमी या त्रुटि है तो उसे तथ्यात्मक रूप से अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए ताकि त्वरित सुधार किया जा सके। उन्होंने कांग्रेस पर आम जनता में अफवाह फैलाने और भ्रम की स्थिति पैदा करने का आरोप लगाया। नवभारत से चर्चा में महापौर मुकेश टटवाल ने कहा कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें दिक्कत पानी की गुणवत्ता से है या भाजपा से। यदि कहीं कोई कमी है तो नगर निगम उसे दूर करेगा। हम लगातार व्यवस्थाएं बेहतर कर रहे हैं।

महापौर ने कांग्रेस नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि वे केवल गऊघाट ही नहीं। बल्कि शहर के अन्य चार प्रमुख फिल्टर प्लांट उंडासा, मक्सी रोड, अंबोदिया और साहेबखेड़ी का भी निरीक्षण करें और व्यवस्थाओं को स्वयं देखें। शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव और प्रभारी निगम आयुक्त संतोष टेगौर ने एमआईसी सदस्यों, पीएचई अधिकारियों एवं पत्रकारों के साथ गऊघाट ट्रीटमेंट प्लांट का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फिल्टर प्लांट, सम्पवेल, जल शुद्धता जांच प्रयोगशाला, मोटर पंप सहित पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। पानी के सेम्पल दिखाकर शुद्धिकरण की प्रक्रिया को भी समझाया गया।

महापौर टटवाल ने कहा कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समय-समय पर फिल्टर प्लांटों का निरीक्षण किया जाता है। छोटी से छोटी समस्या का भी त्वरित समाधान किया जाता है। पीएचई के अधिकारी-कर्मचारी दिन-रात इस कार्य में लगे हैं।

निगम अध्यक्ष ने कहा -सिंहस्थ को देखते हुए विशेष सतर्कता

निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने बताया कि चार दिन पूर्व भी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया था और आवश्यक निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शहर में चल रहे निर्माण और चौड़ीकरण कार्यों के कारण कहीं-कहीं अस्थायी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लेकिन लिकेज जैसी शिकायतों का तुरंत निराकरण किया जा रहा है। छहों झोनों में वार्डवार टीमें गठित कर पानी के सेम्पल लिए जा रहे हैं और नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुंवाल, डॉ. योगेश्वरी राठौर, उपायुक्त योगेंद्र पटेल, सहायक यंत्री शिवम दुबे, दिलीप नौधाने सहित पीएचई के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। गऊघाट वाटर फिल्टर प्लांट को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। जहां कांग्रेस इसे जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा बता रही है। वहीं भाजपा इसे राजनीति से प्रेरित अफवाह करार दे रही है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर जमीनी हकीकत क्या सामने आती है।

वसूली प्रतिशत बढ़ाने के दिए निर्देश

उज्जैन। जनता से जुड़े मामलों में सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए राजस्व विभाग अन्यकर एवं संपत्ति कर विभाग को टीमवर्क के रूप में कार्य करना है और वसूली प्रतिशत एवं जारी रसीदों की संख्या बढ़ाना है। जिससे निगम को आय अर्जित होगी और शहर विकास में सकारात्मक रूप से कार्य किया जाएगा। उक्त निर्देश शुक्रवार को प्रभारी निगम आयुक्त संतोष टैगोर द्वारा संपत्ति कर विभाग के उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल की उपस्थिति में विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए। प्रभारी आयुक्त द्वारा झोन वार समीक्षा बैठक में निर्देशित किया गया कि बड़े बकायदारों को चिन्हित करना है जिसमें प्रथम चरण में 50 हजार से ऊपर के बड़े बकायदारों की लिस्ट बनाई जाकर बकाया वसूली की जाए। द्वितीय चरण में 20 हजार से 50 हजार तक के बाकायदारों को चिन्हित किया जाए। इसके साथ ही देखने में आ रहा है कि घरेलू संपत्तिकरदाता द्वारा कमर्शियल रूप से संपत्ति का उपयोग किया जा रहा है जिनसे कमर्शियल की दर से संपत्ति कर वसूला जाए। जिनके द्वारा बकाया जमा नहीं किया जा रहा है उनसे कुर्की, तालाबंदी की कार्रवाई नियमित रूप से कि जाए साथ ही ट्रेड लाइसेंस की समीक्षा में निर्देशित किया गया कि ट्रेड लाइसेंस बनवाया जाना सभी के लिए अनिवार्य है। बैठक में सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, संपत्ति कर अधिकारी सुनील जैन, समस्त झोन के संपत्ति कर अधिकारी, सहायक संपत्ति कर अधिकारी एवं बिल वितरक उपस्थित रहे।

फिर से प्रतिबंधित घातक डोर के साथ हिरासत में आए दो युवक

उज्जैन। प्रतिबंधित जानलेवा डोर के साथ एक बार फिर दो युवकों को पकड़ा गया है। जिनके पास से चाइना डोर की 12 रील बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि एएसआई देवकरण परमार और सैनिक ओमप्रकाश रात्रि गश्त पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि नानाखेड़ा स्टेडियम के समीप दो युवक प्रतिबंधित जानलेवा डोर बेचने की रात में आए हुए हैं। तत्काल रात्रि गश्त में शामिल एएसआई स्टेडियम की ओर पहुंचे। जहां दो युवक झोला लेकर बैठे दिखाई दिए। दोनों को सैनिक की मदद से पकड़ा गया और उनके झोले की तलाशी ली गई। जिसमें जानलेवा डोर मोनो काइट कंपनी की 12 रील भारी होना सामने आई। दोनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाकर पूछताछ की गई। एक युवक नाबालिग होना सामने आया, जो वजीर पार्क कॉलोनी नीलगंगा क्षेत्र का रहने वाला था। उसका साथी अयोध्या बस्ती आगर मालवा का फरदीन पिता फरीद खान 19 साल होना सामने आया। उनके पास से बरामद प्रतिबंधित चाइना डोर 3000 कीमत की होना सामने आई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि एक रील 400 से 500 रुपये में बेचने के लिए लाये थे। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव के अनुसार दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई करने के साथ बीएनएस की धारा 233 में प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल दोनों को नोटिस तामील करा कर दिया किया गया है।

एक माह पहले हुई चोरी का खुलासा, 2 आरोपी रिमांड पर 1 की तलाश

उज्जैन। बड़नगर में हुई लाखों की चोरी को उत्तरप्रदेश के झांसी से आये बदमाशों ने अंजाम दिया था। कैमरों के फुटेज देखने पर संदिग्ध कार दिखाई दी थी। जिसके आधार पर 2 बदमाशों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। दोनों को पूछताछ के लिये 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 29-30 नवम्बर 2025 में व्यास कालोनी में रहने वाले शेखर पिता ओमप्रकाश रावल के सूने मकान में चोरी की बड़ी वारदात हो गई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे। जिसमें एक संदिग्ध कार क्रमांक यूपी 93 सीई 3665 दिखाई दी। जिसका नम्बर ट्रेस कर एसआई सुरेन्द्र गरवाल, एएसआई सुनील देवके प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य नारायण सरा, अजय चौहान की टीम को उत्तरप्रदेश रवाना किया गया। जहां सामने आया कि कार झांसी के रहने वाले व्यक्ति की है। जिसे तलाश कर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि कार उमेश वर्मा और उसके साथी अरविंद, भूपेन्द्र मांग कर मध्यप्रदेश के देवास में शादी होने का बोलकर ले गये थे। कार सवारों की जानकारी मिलने पर उनके घरों पर दबिश दी गई, लेकिन फरार होना सामने आये। तकनीकी साक्ष्यों से उन्हे ट्रेस किया गया। इस दौरान अरविंद पिता परशुराम कुशवाह और भूपेन्द्र उर्फ काली पिता मतादीन प्रजापति निवासी निमौनाखेड़ा थाना बरूआ सागर जिला झांसी हिरासत में आ गये। जिन्हें गिरफ्तार कर बड़नगर लाया गया है। दोनों ने पूछताछ में अपने साथी उमेश वर्मा के साथ चोरी को अंजाम देना कबूल किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

झोन क्रमांक 3 की बैठक

उज्जैन। निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा झोन क्रमांक 03 की बैठक झोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, लीला वर्मा, प्रेमलता ओम प्रकाश रामी, प्रभारी आयुक्त संतोष टेगौर, उपायुक्त योगेन्द्र पटेल सहित अन्य अधिकारियों के साथ ही बालकृष्ण पटेल, फिरोज पठान की उपस्थिति में आयोजित की गई। निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा पेयजल व्यवस्था के साथ ही वार्डों की अन्य व्यवस्थओं के संबंध में वार्ड पार्षदों से चर्चा करते हुए उनके सुझाव प्राप्त किये तथा वार्डों की समस्याओं पर चर्चा की गई। वार्ड क्रमांक 30 में पानी साफ एवं शुद्ध आने पर धन्यवाद दिया गया। निगम अध्यक्ष द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया पूर्ण सावधानी के साथ निर्माण कार्यो को किया जाए तथा कहीं भी किसी भी कारण यदि लिकेज की समस्या उत्पन्न होती है तो उसका त्वरित समाधान किया जाए। हमारा दायित्व है कि नागरिकों को हम शुद्ध पेयजल का सप्लाय करें, इसके साथ ही टंकी प्रभारी प्रतिदिन पेयजल सप्लाय के दौरान वार्ड पार्षदों से सम्पर्क करें ताकि रहवासियों द्वारा कोई समस्या उन्हें बताई जाए तो आप उसका तत्काल समाधान कर करें। इसके साथ ही आपने स्वच्छता एवं रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था पर भी चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि कचरा कलेक्शन वाहन समय पर वार्डो में पहुंचे इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में सहायक आयुक्त पवन कुमार फूलफकीर, सहायक यंत्री शिवम दुबे एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

पौधे भेंट कर नियमों का पालन करने एवं हेलमेट लगाने के लिए निवेदन किया

उज्जैन। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं उज्जैन ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। जिसके क्रम में सब्सिडी पर हेलमेट का वितरण किया जा रहा है। साथ ही नगर निगम की आईईसी संस्थान द्वारा ट्रैफिक सिग्नलों पर नागरिकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसके क्रम में शुक्रवार को चामुंडा माता ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले नागरिकों को पौधे भेंट करते हुए यातायात नियमों का पालन करने के लिए निवेदन किया गया। साथ ही सब्सिडी पर हेलमेट खरीदने वालों को हेलमेट पहनाए गए। इस दौरान महापौर मुकेश टटवाल, प्रभारी निगम आयुक्त संतोष टैगोर, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा, एडिशनल एसपी यातायात आलोक शर्मा, ट्रैफिक डीएसपी विक्रम सिंह, एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर उपस्थित रहें।

एक्टिवा पर सवार 2 युवकों के पास से मिली हजारों रुपए की शराब

उज्जैन। दो थानों की पुलिस ने बीती रात एक्टिवा पर सवार दो युवकों को हिरासत में लिया। जिनके पास से हजारों रुपए की अवैध देशी शराब बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ आबकारी का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि बीती रात सहायक उप निरीक्षक सावित्री कटरा, आरक्षक अमरनाथ के साथ सर्कल भ्रमण पर शंकरपुर क्षेत्र में थीं। भ्रमण के दौरान एक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की एक्टिवा पर अवैध शराब लेकर श्री सिंथेटिक के जंगल क्षेत्र में खड़ा है तथा किसी अन्य व्यक्ति को शराब सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना पर थाना पंवासा से आरक्षक बजेंद्र भारती व दो राहगीर पंचान व पुलिस बल के साथ श्री सिंथेटिक जंगल, आम रोड की ओर रवाना हुए। मौके पर मुखबिर द्वारा बताए अनुसार एक व्यक्ति सफेद रंग की एक्टिवा लेकर रोड किनारे खड़ा मिला। पुलिस को देखकर उक्त व्यक्ति एक्टिवा से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पुलिस बल ने पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर एक्टिवा के आगे रखे एक काले-नीले रंग का पान बहार का झोला व एक प्लास्टिक की बोरी मिले, जिनकी जांच करने पर दोनों में देशी प्लेन शराब के क्वार्टर भरे हुए पाए गए। आरोपी से नाम-पता पूछने पर शाहिद कादीर पिता अब्दुल सकुर खान 51 वर्ष, निवासी कड़ाव घाट, बम्बई बाजार, इन्दौर होना बताया। वह शराब इंदौर से लेकर आया था इसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया।

इधर लाल पुल के पास की घेराबंदी

नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक कपिल राठौर ने बताया कि एक्टिवा पर सवार युवक द्वारा अवैध शराब लेकर आने की खबर मिलने पर आरक्षक दीपक दिनकर, पुष्पराजसिंह, अंकित चौहान के साथ लालपुल क्षेत्र में घेराबंदी की गई थी। कुछ देर में एक्टिवा पर सवार युवक आता दिखाई दिये। जिसके पास विमल पाऊच के 2 झोले थे। युवक को रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे पीछा कर पकड़ लिया। उसके पास से झोले बरामद किये गये। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे होना सामने आये। एक्टिवा के साथ शराब जप्त कर युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में अवैध शराब 6 पेटी होना सामने आई। युवक शास्त्रीनगर का रहने वाला विजेन्द्र पिता राजाराम जयसवाल 29 साल है। मामले में आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

महाकाल में उत्सव 18 जनवरी तक चलेगा, पहले दिन ही शंकर महादेवन बेटों के साथ देंगे जोरदार प्रस्तुति

उज्जैन में 14 जनवरी से महाकाल महोत्सव, मध्यप्रदेश सहित 7 राज्यों के मुख्यमंत्री आमंत्रित

नवभारत न्यूज

उज्जैन। उज्जैन में 14 जनवरी से महाकाल महोत्सव का आयोजन महाकाल मंदिर के पीछे स्थित महाकाल लोक प्रांगण में किया जा रहा है। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में यह आयोजन 18 जनवरी तक चलेगा जिसमें मप्र सहित देश के 7 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया है।

महोत्सव का शुभारंभ मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इसके अलावा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को निमंत्रण भेजा गया है। महाकाल महोत्सव के पहले दिन ही शंकर महादेवन अपने बेटों के साथ जोरदार प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी शुक्रवार की दोपहर में मप्र के संस्कृति सलाहकार एवं वीर भारत न्यास के सचिव राम तिवारी ने पत्रकार वार्ता में दी। इस अवसर पर प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। तिवारी ने पत्रकारों को बताया कि महाकाल महोत्सव में सोना महापात्रा, विपिन अनेजा, श्रेयस शुक्ला जैसे कई ख्यात कलाकार भी प्रस्तुति देने आ रहे हैं। महाकाल महोत्सव में आम श्रद्धालु भी शामिल हो सकेंगे। विशाल मंच से डिजिटल लाइट एंड साउंड के बीच कलाकार प्रस्तुति देंगे। बैठक व्यवस्था भी की जाएगी।

कला यात्राएं निकलेगी, इंडोनेशिया व श्रीलंका के दल भी शामिल होंगे

महोत्सव के पूर्व उज्जैन के विभिन्न स्थलों से कला यात्राएं निकाली जाएंगी जो महाकाल लोक परिसर में पहुंचकर समाप्त होंगी। इन यात्राओं में जनजातीय संस्कृति की जीवंतता, रंगों, वाद्यों और नृत्य की लय के जीवंत दर्शन होंगे। इस महोत्सव में इंडोनेशिया और श्रीलंका के नाट्य दलों की सहभागिता भी रहेगी जो भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की प्रस्तुति देंगे। विदित हो कि महाकाल मंदिर में आयोजित किसी भी कार्यक्रम में चाहे वह सांस्कृतिक हो या फिर धार्मिक सभी आयोजनों में बाहर से कलाकार अपनी अनूठी प्रस्तुति से मन मोह लेते हैं। जिससे इसकी ख्याति और भी बढ़ जाती है।

रामानंदाचार्य जी के प्राकट्य उत्सव पर आज शोभायात्रा निकलेगी

जगतगुरु रामानंदाचार्य महाराज के 726 वें प्राकट्य उत्सव पर कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे। शनिवार सुबह 8 बजे गोपाल मंदिर से बैंड-बाजों व ढोल-ताशों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में वैष्णव साधु-संत एवं भक्त शामिल रहेंगे। शोभायात्रा छत्री चौक, कंठाल, तेलीवाड़ा, बुधवारिया से होते हुए अंकपात पर पहुंचेगी जहां सुबह 11 बजे स्वामी श्री के विग्रह का पूजन और दिव्य महाभिषेक किया जाएगा। दोपहर 12 बजे संतों के आशीर्वचन और दोपहर 2 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज करेंगे, जो रामा दल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष हैं।

दिव्यांगों को किए कृत्रिम अंग वितरित

उज्जैन। दिव्यांगता मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बद्रीलाल अग्रवाल एवं स्व. आनंदबाला अग्रवाल की स्मृति में शिव अग्रवाल संजय अग्रवाल एवं लायंस क्लब उज्जयिनी द्वारा 6 जनवरी से 9 जनवरी तक नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन आनंद मंगल परिसर मे किया गया। शिविर में 170 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर लगाकर लाभान्वित किया गया। यह शिविर प्रतिदिन सुबह से देर रात तक संचालित हुआ। शिविर संयोजक लायन शिव अग्रवाल, लायन मनीषा अग्रवाल तथा क्लब सचिव लायन अरविंद गुमाष्ते ने बताया कि यह सेवा शिविर स्व. बद्रीलाल अग्रवाल एवं स्व. आनंद बाला अग्रवाल की पावन स्मृति में, स्वामी श्री चिदानंद सरस्वती महाराज के शुभाशीर्वाद से आयोजित किया गया। शिविर परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश, महावीर सेवा सदन, कोलकाता के सौजन्य से तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से सम्पन्न हुआ। शिविर के समापन दिवस पर कलेक्टर उज्जैन एवं पुलिस अधीक्षक उज्जैन ने शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने कृत्रिम अंग निर्माण एवं प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखा तथा इस पुनीत सेवा कार्य हेतु लायंस क्लब उज्जयिनी एवं अग्रवाल परिवार की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। अधिकारियों ने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों के लिए प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। कोलकाता से आए डॉ. एसएस प्रभाकर एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर सटीक माप लेकर मौके पर ही कृत्रिम हाथ-पैर तैयार कर फिट किए गए। पोलियो अथवा अन्य बीमारियों से प्रभावित, दुर्घटना में अंग गंवा चुके तथा चलने-फिरने में असमर्थ बच्चों एवं वयस्कों को इसका लाभ मिला। संजय अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सर्वे भवन्तु सुखिन के संदेश को आत्मसात करते हुए, बिना किसी जाति-धर्म के भेदभाव के यह सेवा प्रदान की गई है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे। समापन अवसर पर डॉ. प्रभाकर एवं कोलकाता से आए सहयोगियों रामपदा सेसमल, जयंतो पाल, त्रिदीप्तो दास एवं मुकुटु वीरी का माला-पट्टकम पहनाकर एवं स्मृति-भेंट देकर सम्मान किया गया। संचालन भूषण नाईक ने किया तथा आभार प्रदर्शन अरविंद गुमाष्ते ने किया।